अध्याय 7 लम्बाई

IUTAHH

कौन–सी वस्तु किससे लम्बी

कमरे के अन्दर कुछ वस्तुओं को इकट्ठा करें। जैसे – अखबार, डस्टर, कॉपी, किताब, पैंसिल आदि। इन्हें सबसे छोटी से सबसे लम्बी के क्रम में जमाओ।



कक्षा की वस्तुओं को देखकर यह भी बताओ कि –

दरवाजा लम्बा है या खिड़की?

श्याम पट्ट चौड़ा है या दरवाज़ा?

तुम ऊँचे हो या दरवाजा?

रोशनदान लम्बा है कि खिड़की?

घर की चीज़ों में भी तुलना करो। लम्बी से छोटी के क्रम में उनके नाम लिखो। (कुछ चीजें जो तुम ले सकते हो – मेज़, पलंग, झाड़ू, अलमारी, तकिया.. ... आदि)

कौन–सी उँगली लम्बी

1. एक कागज़ पर अपना हाथ फैलाकर रखो। बारी–बारी से हर एक उँगली के चारों ओर पेंसिल घुमा कर उसका आकार कॉपी पर बनाओ।

    कौन–सी उँगली सबसे लम्बी है?
    कौन–सी उँगली सबसे छोटी है?
    उँगलियों के चित्र को बड़ी से छोटी के क्रम में नम्बर दो।
    क्या कोई उँगली, अंगूठे से भी छोटी है?

2. बाहर जाकर 10–12 सीकें लेकर आओ। इन सीकों को सबसे लम्बी से सबसे छोटी सींक के क्रम में जमाओ।



ऐसे अभ्यास और भी वस्तुओं के साथ करो।

कौन–सी पत्ती लम्बी है

बाहर जाकर अलग–अलग पेड़ों और पौधों की पत्तियाँ ले कर आओ। इनमें से कौन–सी पत्ती सबसे लम्बी है?

कैसे पता किया?

अब पत्तियों को साथ–साथ रख कर देखो कि सबसे कम लम्बाई की पत्ती कौन–सी है?

पत्तियों को कम लम्बी से अधिक लम्बी के क्रम में जमाओ।

पता करो

आसपास सबसे ऊँचा पेड़ कौन–सा है?

सबसे ऊँचा मकान कौन–सा है?

कक्षा में सबसे लम्बा कौन है?

कौन–सी लाइन ज्यादा लम्बी?

नीचे की लाइनों को देखो। क्या तुम बता सकते हो कि इनमें सबसे लम्बी कौन–सी है?

कैसे पता करोगे?

बारी–बारी से हर लाइन पर लाइन के बराबर धागा रखो। किस लाइन पर रखा धागा सबसे लम्बा है?

अब हर एक लाइन के बराबर एक सींक तोड़ो। सींक की लम्बाई ठीक हो इसके लिए हर बार धागे के बराबर सींक ले सकते हैं।

अब सींकों को बड़े से छोटे के क्रम में जमाओ।

लाइनों में सबसे बड़ी से शुरू कर छोटी तक क्रम से 1, 2,... नम्बर दो।

सबसे लम्बी कक्षा ढूँढ़ो

चलो पता करें स्कूल की सबसे लम्बी कक्षा कौन–सी है। सभी कमरे जिनमें कक्षा लगती है उनको चल कर नापेंगे। बरामदे में अगर कक्षा लगती हो तो उसे भी नापेंगे। चार–चार साथियों के समूह बनाओ और कक्षाओं की लम्बाई नापो। एक दीवार से चल कर दूसरी दीवार तक कितने कदम हुए गिन लो।

कमरा नं.	लम्बाई कदमों में	चौड़ाई कदमों में
1		
2		
3		

कौनसा कमरा सबसे लम्बा है ....

कौन से कमरे की लम्बाई सबसे कम है ....



घर के कमरों व बरामदे को भी कदमों से नाप सकते हो और स्कूल के मैदान को भी।

मेज़ कितनी लम्बी?

अपने डस्टर, पेंसिल या पेन से मेज़ की लम्बाई और चौड़ाई नापो। अपने बस्ते की लम्बाई और चौड़ाई भी नापो।

घर के कमरों व बरामदों को भी कदमों में नापो। स्कूल का मैदान भी नापो। नापो को नीचे तालिका में लिखो।

वस्तु	लम्बाई	चौड़ाई	लम्बाई कितनी अधिक
मेज़			
बस्ता			
खिड़की			
चार्ट / कैलेण्डर			
....			
....			

और भी चीजें नापो और उनके नाप तालिका में लिखो।